

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 279
दि. 10.02.2026, मंगलवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


# 'मरने वाला हिंदू कौन, यह सब दलित...', सीएम योगी ने कहा- बंट गए तो फिर कटने के रास्ते भी खुलेंगे

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया है. सीएम योगी ने कहा कि याद रखना सनातन कमजोर होगा तो देश कमजोर होगा. देश कमजोर होगा तो सनातन के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा होगा. जाति क्षेत्र और भाषा उसके सामने कोई मायने नहीं रखेगी और इसलिए इस बात को ध्यान में रखना.

सीएम योगी ने कहा इस बात को ध्यान में रखना कि जो बांटने वाले लोग हैं ना जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर इन लोगों से सावधान रहना. याद करिए ना बांग्लादेश के मुद्दे पर ये सब मौन है. बांग्लादेश में जो मारे जा रहे हैं हिंदू हर दिन आप सुनते होंगे, एक हिंदू जला दिया गया. एक हिंदू के घर में आग लगाकर के मार दिया गया. राह चलते हुए एक हिंदू को जला दिया गया.

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रतिदिन समाचार आ रहे हैं बांग्लादेश से, ये सब मौन हैं. ये मरने वाला हिंदू कौन है? यह सब दलित हिंदू हैं, कोई नहीं बोल रहा है. केवल कुछ हिंदू संगठनों को छोड़ दिया जाए और धमार्चार्यों को छोड़ दिया जाए. लगता है सबका मुंह बंद हो गया है, क्योंकि मरने वाला हिंदू है कोई नहीं बोलेगा. उसके लिए कोई मानव अधिकार नहीं है. उसके लिए कोई दुनिया का संगठन वकालत करने वाला नहीं है और मैं यही आपसे कहूंगा इन नेताओं के बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं. बंटने की आवश्यकता नहीं, ये जो जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं, आपको तमाम प्रकार के वादों में बांटना चाहते हैं. इस बहकावे में भूल से भी मत आना.

सीएम योगी ने कहा कि देश का दुश्मन आंखें लगाए बैठा है. आप बंट



गए तो फिर कटने के रास्ते भी खुल जाएंगे, उसको कभी मत होने देना. देश अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है, देश आगे बढ़ेगा.

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक लंबी यात्रा तय कर ली है और भारत एक लंबी यात्रा के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है. भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बनेगा, कोई दुनिया की ताकत अब भारत को रोक नहीं सकता है.

## विकास की आड़ में बेजवह पेड़ न काटे जाएं: मुख्यमंत्री योगी

(जीएनएस)।

लखनऊ, (जीएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की आड़ में बेवजह पेड़ नहीं काटने की हिदायत देते हुए सोमवार को कहा कि वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों में प्रस्तावित सभी विकास एवं निर्माण कार्य वैज्ञानिक मानकों, न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव और विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण अनुपालन के साथ ही किए जाएं।

उन्होंने कहा कि विकास की प्रत्येक प्रक्रिया में वन्यजीवों की सुरक्षा, उनके प्राकृतिक आवागमन तथा आवासीय निरंतरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

योगी आदित्यनाथ ने राज्य वन्यजीव परिषद की 20वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि वन्यजीव क्षेत्रों से जुड़े सभी विकास प्रस्ताव संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ तैयार किए जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रस्ताव भेजते समय संबंधित विभाग पर्यावरणीय जोखिम, जैव-विविधता पर संभावित प्रभाव, वन्यजीवों की आवाजाही, वैकल्पिक मार्गों और आधुनिक तकनीकी समाधानों का विस्तृत एवं वैज्ञानिक विश्लेषण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें ताकि विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलित एवं सतत दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने वृक्ष काटने से संबंधित प्रस्तावों पर विशेषज्ञों की राय लेते हुए निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक वृक्ष काटने की अनुमति नहीं दी जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वृक्षों की कटाई केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही की जाए और विकास की आड़ में पर्यावरण को क्षति न पहुंचे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ आर्द्रभूमि में गाद जमा होने की जानकारी उनके संज्ञान में आई है, जिसका तत्काल निराकरण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्य विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना (वीबी-जी रामजी) के अंतर्गत कराया जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ने प्लास्ट इंडिया 2026 का दौरा किया; प्लास्टिक उद्योग की स्थिति रिपोर्ट 2025 जारी की

(जीएनएस)।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी का दौरा किया। 5 से 10 फरवरी, 2026 तक आयोजित की जा रही यह प्रदर्शनी विश्व की अग्रणी प्लास्टिक प्रदर्शनियों में से एक है।




अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने प्लास्टिक उद्योग स्थिति रिपोर्ट 2025 जारी की और आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी) के सहयोग से प्लास्टइंडिया फाउंडेशन द्वारा विकसित स्टार्टअप सर्च इनिशिएटिव के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

उद्योग जगत के हितधारकों को संबोधित करते हुए, श्री चिराग पासवान ने विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अपव्यय को कम करने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय विकास और आत्मनिर्भरता में योगदान देते हुए सतत विनिर्माण की दिशा में प्लास्टिक उद्योग के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।

प्लास्टइंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्लास्टइंडिया 2026 ने भारत और विदेश के उद्योग जगत के नेताओं, वैश्विक खरीदारों, नवप्रवर्तकों और नीति निमार्ताओं को एक मंच प्रदान किया है, जो वैश्विक प्लास्टिक मूल्य श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित करता है। प्लास्टइंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री रविश कामथ ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग स्थिति रिपोर्ट 2025 उद्योग के विकास, निर्यात और स्थिरता परिवर्तन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है, जबकि एनईसी प्लास्टइंडिया 2026 के अध्यक्ष श्री आलोक तिबरेवाला ने बताया कि स्टार्टअप खोज पहल नवाचार-आधारित, टिकाऊ समाधानों का समर्थन करती है।

## पूर्वोत्तर विकास को नई गति; अश्विनी वैष्णव ने गुवाहाटी स्टेशन पर ब्लेंडेड हॉस्पिटैलिटी सेवाओं का शुभारंभ किया

रेल संपर्क को मजबूत करते हुए और पूर्वोत्तर के विकास को नई गति देते हुए, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री




श्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम के गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर ब्लेंडेड हॉस्पिटैलिटी सेवाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने सैरांग और सिलचर के बीच नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मिजोरम के मुख्यमंत्री श्री लालदुहोमा; सिलचर से सांसद श्री परिमल सुकलाबैद्य; राज्यसभा सदस्य श्री कनाद पुरकायस्थ; और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## 'मजबूत आयुष संस्थानों के जरिए भारत का लक्ष्य समग्र स्वास्थ्य के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरना है': आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव

(जीएनएस)।

आयुर्वेद शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में देश के अग्रणी संस्थान जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) ने आज अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। यह संस्थान आयुर्वेद और जन स्वास्थ्य क्षेत्र में 50 वर्षों की विशिष्ट सेवा का प्रतीक है। इस समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा सहित आयुष मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, शोधकर्ता, छात्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में 1976 में आयुर्वेद महाविद्यालय के रूप में स्थापित होने से लेकर देश के पहले आयुर्वेद डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में वर्तमान स्थिति तक एनआईए की यात्रा को दशार्या गया, जिसने शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान, पांडुलिपि विज्ञान और रोगी देखभाल के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान देश के प्राचीन चिकित्सा ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का 50 वर्ष पूरे होना एक बड़ी उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि आयुर्वेद के माध्यम से जन स्वास्थ्य के प्रति समर्पित सेवा, अनुसंधान और प्रतिबद्धता की यात्रा का प्रतीक भी है।

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि राजस्थान ऐतिहासिक रूप से आयुर्वेद की जननी रही है, जो औषधीय जैव विविधता और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से समृद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष प्रणालियों को मजबूत करने और आयुर्वेद, योग तथा पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि आम जनता को लाभ मिल सके।

शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल में राष्ट्रीय संचालन के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की सराहना करते हुए मुख्यमिंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि एनआईए देश के प्रमुख आयुर्वेद संस्थानों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने आयुर्वेद संस्थान को इसके बुनियादी ढांचे के विस्तार, शैक्षणिक उत्कृष्टता और भविष्योन्मुखी विकास के लिए राज्य सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

## 'परीक्षा पे चर्चा 2026' के दूसरे एपिसोड में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोयंबटूर, रायपुर, देवमोगरा और गुवाहाटी के विद्यार्थियों से बातचीत की

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) 2026 के 9वें संस्करण के तहत छात्रों के साथ संवाद किया। इस कार्यक्रम के दूसरे एपिसोड में उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, देवमोगरा और गुवाहाटी के विद्यार्थियों से अनौपचारिक चर्चा की। 'परीक्षा पे चर्चा' के इस विशेष संस्करण में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस बार कार्यक्रम देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया गया है। कोयंबटूर संस्करण की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के छात्रों की ऊर्जा और जिज्ञासा ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है। उन्हें ह्वनक्कमह्व कहकर अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री ने छात्रों से हल्की-फुल्की बातचीत की। छात्रों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देखकर उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। वे एक भव्य आगमन की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री को उन्होंने बेहद सरल, विनम्र और सहज पाया। एक छात्र ने यह भी बताया कि उनकी उपस्थिति से उन्हें रोमांचित महसूस हुआ।

प्रधानमंत्री ने बताया कि वे कई वर्षों से 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों से संवाद करते आ रहे हैं। यह बताते हुए कि यह उनके लिए सिखाने का नहीं बल्कि एक सीखने का अवसर है, उन्होंने छात्रों को अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया। एक छात्र के स्टार्टअप से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने सलाह दी कि सबसे पहले अपनी रुचि और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो, ड्रोन का विकास हो, या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान।

## रक्षा मंत्री ने हेलेनिक गणराज्य के रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

(जीएनएस)।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 9 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में हेलेनिक गणराज्य के रक्षा मंत्री श्री निकोलाओस-जॉर्जियोस डेंडियास के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और पारस्परिक सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित होने की बात दोहराई।

दोनों देशों ने भारत के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'एजेंडा 2030' के तहत ग्रीस के रक्षा सुधारों के बीच साझेदारी के माध्यम से अपने-अपने स्वदेशी रक्षा उद्योगों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया। भारत और ग्रीस के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए, यह पांच वर्षीय रोडमैप तैयार करने का प्रारंभिक बिंदु है।

रक्षा मंत्रियों ने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक




सम्बंधों को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। 2026 के लिए एक द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का भी आदान-प्रदान किया गया। इसमें दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सैन्य गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है।

दोनों प्राचीन समुद्री राष्ट्रों के बीच विभिन्न प्रमुख समुद्री मुद्दों पर सहमति का भी उल्लेख किया गया। ग्रीस की ओर से गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) में एक ग्रीक अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा की गई।

बैठक से पहले, ग्रीस के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मानेकशॉ केंद्र में त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर का भी निरीक्षण किया।

इस यात्रा के दौरान, हेलेनिक प्रतिनिधिमंडल ने बेंगलुरु में प्रमुख रक्षा एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा किया और साथ ही नई दिल्ली में रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा उद्योग और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। यह यात्रा दोनों देशों की सरकारों और लोगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सौहार्दपूर्ण और घनिष्ठ संबंधों पर आधारित भारत और हेलेनिक गणराज्य के बीच रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि करती है।

## श्री जितिन प्रसाद ने मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन लैब ऑटोमेशन पोर्टल 'सत्या' का उद्घाटन किया

(जीएनएस)।

वाणिज्य एवं उद्योग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख डिजिटल पहल, मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन लैब ऑटोमेशन पोर्टल - सत्या का उद्घाटन किया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव श्री एस. कृष्णन, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन और सी-डीएसी के अधिकारी उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आज के डिजिटल युग में शासन केवल नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सुगमता, पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास पर भी आधारित है। सत्य पोर्टल का शुभारंभ नागरिक-केंद्रित डिजिटल शासन और बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन निदेशालय देश में इलेक्ट्रॉनिक और आईटी उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस लैब ऑटोमेशन पोर्टल के शुभारंभ के साथ, मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन ने अपनी सेवाओं को एक एकीकृत और उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा दिया है, जिससे नागरिकों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और सरकारी विभागों को लाभ प्राप्त होगा।

उद्योगों और नागरिकों के लिए, यह पोर्टल त्वरित सेवा वितरण, बेहतर पूवार्नुमान और प्रमाणन प्रक्रिया में बढ़ा हुआ विश्वास सुनिश्चित करता है। स्टार्टअप और लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए, यह प्रक्रियात्मक बोझ को काफी हद तक कम करता है और उन्हें अनुपालन योग्य और सुरक्षित उत्पादों को अधिक कुशलता से बाजार में लाने में मदद करता है।

यह पहल डिजिटल इंडिया, न्यूनतम सरकार - अधिकतम शासन और व्यापार करने में सुगमता के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रमाणन प्रक्रियाओं को डिजिटल करके, सत्या पोर्टल यह सुनिश्चित करता है कि गुणवत्ता आश्वासन मजबूत बना रहे और साथ ही यह अधिक सुलभ और नागरिक-हितैषी भी हो।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव श्री एस. कृष्णन ने इस अवसर पर कहा कि सत्या पोर्टल संपूर्ण डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से मानकीकरण परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन की सेवा वितरण को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार : मुख्यमंत्री योगी

**मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन, मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण**



(जीएनएस)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरूआत से पहले विधान भवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर विधानसभा व विधान परिषद के सदस्यों के लिए लगाया गया है। इसमें केजीएमयू के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर लगाया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों व अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होनी चाहिए। सरकार भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस पर काम कर रही है। सीएम ने सदस्यों को तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर सदस्य को तनावमुक्त रहकर उन्मुक्त वातावरण में दिनचर्या रखनी चाहिए, इससे रोग आकर भी भाग जाएगा। सीएम ने कहा कि हर व्यक्ति की बात महत्वपूर्ण होती है। नेता विकास, डॉक्टर स्वास्थ्य और जो जिस क्षेत्र का विशेषज्ञ है, उस विषय की बातें करेगा तो इसका प्रभाव आमजन पर पड़ेगा। सीएम ने सभी सदस्यों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की।

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी का आभार प्रकट किया। स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, बलदेव सिंह औलख, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, एसजीपीजीआई के निदेशक आरके धीमन आदि मौजूद रहे।

# पीलीभीत में नशेड़ी ट्रक चालक ने साइकिल सवार को कुचला, मौत; कार को ठोका, दो घायल

(जीएनएस)।

पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के छतरी चौराहे पर रविवार रात करीब 9 बजे नशे में धुत ट्रक चालक ने हादसा कर दिया। अनियंत्रित ट्रक ने पहले साइकिल सवार युवक को रौंद दिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक संजीव और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार ट्रक चौराहे पर पहुंचा। नशे की अदाकारी में चालक ने साइकिल सवार को चपेट में ले लिया। ट्रक रुकने के बजाय कार से भी टकरा गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद सड़क पर मृतक का शव और खून फैल गया, जिसे पुलिस ने रेत डालकर ढका।



घटना की सूचना पर थाना प्रभारी नरेश त्यागी और क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। ट्रक चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पिटाई कर दी। इससे चौराहे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने भीड़ संभाली और चालक को हिरासत में ले लिया।

थाना प्रभारी नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी नशे में धुत था। हादसे में एक की मौत हुई और दो घायल हैं। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया जा रहा है तथा मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा। चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

# सार्वजनिक खड़ंजे पर ऑटो रिक्शों का खड़ा करना,लोगों को हो रही परेशानी उठी कार्रवाई की मांग

(जीएनएस)।

कासिमपुर। सार्वजनिक आम लोगों के आने जाने खड़ंजे पर ऑटो रिक्शों का खड़े करने से लोगों स्थानी लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है आम जन लोगों का कहना है कि ऑटो खड़ंजे पर अनियंत्रित खड़े रहते हैं जिसके चलते कभी कुछ लाने ले जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार बताया गया है ।कि ऑटो रास्ते में ना खड़ा किया



जाए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन ऑटो रिक्शा मालिक इस बात को मानने को तैयार नहीं है ।जिसकी किसी अन्य मामले की शिकायत वर्ष 2025 में मेराज अली पत्रकार की गयी थीं जिसके बाद सुलह समझौता में खड़ंजे पर ऑटो न करने का निर्णय हुआ था लेकिन ऑटो मलिक अभी भी बिल्कुल बेखौफ है उनको इस बात से कोई परवाह नहीं है कि लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को आने जाने में परेशानी होती है ।और जो रास्ता बनवाया गया है वह सभी के लिए बनवाया गया है ना की उनको स्पेशल ऑटो खड़ा करने के लिए जिसका कई लोगों ने आंशिक रूप से विरोध जताया ।शिकायत करने के बाद सुलह समझौता में ऑटो न खड़े करने को बोल कर थोड़े दिन तो नहीं खड़े किए इसके बाद अब फिर वही धंधा बनाकर रखा है। कई बार रिश्तेदार या फिर आम लोग आ जाते हैं तो उनको भी शर्मिंदगी महसूस होती है जिसके चलते कई लोगों के मान सम्मान में भी कमी के आरोप लगे।

# मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवा यात्रा का समापन:स्थानीय भाजपा विधायक को न बुलाने पर प्रोटोकॉल उल्लंघन का सवाल, बोले- कोई सूचना नहीं मिली

(जीएनएस)।

पीलीभीत। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (अरटउ) में रविवार को "गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0" का भव्य समापन समारोह आयोजित हुआ। नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन (ठटड) के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में जिले के आला अधिकारी, मंत्री व अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं, लेकिन स्थानीय भाजपा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद की अनुपस्थिति ने राजनीतिक व प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी। विधायक को न आमंत्रित करने या सूचना न देने को प्रोटोकॉल का घोर उल्लंघन बताया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में भाजपा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भी शिरकत करने पहुंचे। वक्ताओं ने ठटड द्वारा भारत-नेपाल सीमा से सटे दुर्गम क्षेत्रों में दी गई चिकित्सा सेवाओं की खूब सराहना की। संस्था के क्षेत्रीय सचिव डॉ. भूपेंद्र व जिला प्रभारी डॉ. निधि श कुमार ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने की।



इस दौरान डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. प्रियंका यादव, डॉ. शोभित सिंह सहित कई फैकल्टी सदस्यों व छात्र-छात्राओं रतन दीप शर्मा, प्रखर पटेल, दिव्या सागर आदि को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

हालांकि, स्थानीय विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद को कार्यक्रम की कोई सूचना न देने पर सवाल उठे। विधायक ने बताया, "मुझे कार्यक्रम की कोई सूचना नहीं मिली। यह किसके द्वारा आयोजित था, मुझे पता ही नहीं। फिलहाल जिलाधिकारी से बात करूंगा।" मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण डॉ. से पूछा गया तो उन्होंने जिम्मेदारी ठटड पर डालते हुए कहा कि कार्यक्रम उनकी ओर से आयोजित था।

बरखेड़ा क्षेत्र के इस बड़े आयोजन में जनप्रतिनिधि की अनदेखी से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि क्या यह जानबूझकर की गई उपेक्षा थी।

# पीलीभीत के निमार्णाधीन नर्सिंग कॉलेज में चोरी: मोबाइल और सरिया चुराकर फरार हुए दो संदिग्ध, पुलिस ने केस दर्ज किया

(जीएनएस)।

पीलीभीत,देशनगर स्थित आईटीआई परिसर में बन रहे स्वशासी गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल से चोरों ने निर्माण सामग्री और मोबाइल फोन चुरा लिया। कोतवाली पुलिस ने दो संदिग्धों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कॉलेज के प्रभारी अनुराग मिश्रा (ग्राम बौनी, बीसलपुर निवासी) ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे उन्होंने दो चोरों को रंगे हाथों सरिया और एक मोबाइल फोन चुराते देखा। आरोपी अरमान पुत्र साबिर और सरोज अली पुत्र अतीक शाह (निवासी अज्ञात) मौके से फरार हो गए। मिश्रा पर निर्माण सामग्री जैसे तार व सरिया की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

तहरीर मिलते ही हेड मोहर्रिर नीरव सक्सेना ने मूल एफआईआर दर्ज की। शहर कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने कहा, "आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। जल्द गिरफ्तारी होगी।" यह घटना निमार्णाधीन परियोजनाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है।



# भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत मसौली भूलीगंज में संपन्न

(जीएनएस)।

ग्राम पंचायत मसौली ब्लॉक इकाई भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत काली माता मंदिर मसौली भूलीगंज में संपन्न हुई बैठक में दिनांक 17 फरवरी 2026 को तहसील फतेहपुर के गांव दादन पुर चौराहा पर होने वाली किसान मजदूर स्वाभिमान महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की रूपरेखा तय की गई किसान भाइयों से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे बैठक में ग्राम अध्यक्ष राम लखन वर्मा अवध राम राजेंद्र वर्मा सत्येंद्र वर्मा राम गणेश रामसागर वर्मा काफी किसानों के अलावा पदाधिकारी में रामकिशोर पटेल अनुपमा वर्मा हौशिला प्रसाद रामतीर्थ पन्नालाल दिलीप कुमार जागेश्वर चौधरी राजकुमार हनुमान प्रसाद राधेश्याम और काफी संख्या में किसान व माताएं बहने इस सभा में उपस्थित रहीं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बनी कोडर राज कारण वर्मा जी जिनका बीती रात निधन हो गया था आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई



# सीएम योगी सख्त, सैनिक की शिकायत पर कार्रवाई, बच्चों को पढ़ाई और अनुशासन की सीख

(जीएनएस)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक बार फिर यह संदेश दिया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। शासकीय दायित्वों की व्यस्तताओं के बावजूद उन्होंने 'जनता दर्शन' कार्यक्रम आयोजित कर दूर-दराज से आए नागरिकों से सीधे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने न केवल लोगों की शिकायतें सुनीं, बल्कि संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही जांच और निस्तारण के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि ह्लसरकार प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों की सेवा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैह्व और किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जनता दर्शनः संवाद और समाधान का मंच**



'जनता दर्शन' कार्यक्रम मुख्यमंत्री और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोग अपनी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखते हैं। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली, नगर निकाय, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कई मामले सामने आए। मुख्यमंत्री ने हर प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सैनिकों की पीड़ा पर तुरंत संज्ञान**

कार्यक्रम के दौरान हापुड़ जिले से आए दो सैनिकों ने मुख्यमंत्री से अपनी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की। एक सैनिक ने बताया कि वह और उनका भाई सेना में तैनात होकर देश की सेवा कर रहे हैं, जबकि उनके नेत्रहीन पिता गांव में रहते हैं। आरोप है कि रिश्तेदारों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है और विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हापुड़ प्रशासन को तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

# भ्रष्टाचार : सिस्टम बना 'धृतराष्ट्र', विधायक की चुप्पी पर उठे सवाल

(जीएनएस)।

बीसलपुर पीलीभीतः सरकार भले ही भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' का दावा करे, लेकिन तहसील बीसलपुर के ग्राम चौसरा में हकीकत इसके उलट है। यहाँ नाला निर्माण के नाम पर सरकारी धन की सरेआम लूट मची है, और जिम्मेदार अधिकारी 'धृतराष्ट्र' बनकर आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं।

**पत्थर की जगह पीली ईंटों का 'अधर्मी' खेल**

ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख की देखरेख में बन रहे इस नाले में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नाले की नींव में जहाँ मजबूत पत्थर होने चाहिए थे, वहां घटिया पीली ईंटों को तोड़कर बिछाया जा रहा है। सीमेंट के नाम पर केवल देशी रेते का इस्तेमाल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नाला पहली बारिश का वेग भी नहीं झेल पाएगा और ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगा।



**विधायक की 'सिलेक्टिव' सक्रियता पर ग्रामीणों का गुस्सा**

चौसरा रोड पर निवास विधायक के खिलाफ भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि, विधायक जी दूर-दराज के गांवों में जाकर तो छोटी-मोटी कमियों पर नालियां तुड़वा देते हैं और वाहवाही बटोरते हैं, लेकिन तहसील से महज 2 किमी की दूरी पर बसे चौसरा में हो रहा यह बड़ा भ्रष्टाचार उन्हें नजर क्यों नहीं आ रहा? क्या विधायक जी की यह सक्रियता केवल चुनावी क्षेत्रों तक सीमित है या फिर ब्लॉक प्रमुख के इस काम को उनका मौन समर्थन प्राप्त है?

**अंधा प्रशासन और लुटता सरकारी खजाना**

हैरानी की बात यह है कि दिन-दहाड़े घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है, लेकिन आला अधिकारी मौके पर जांच करने की जहमत नहीं उठा रहे। गांव वालों का दो-टूक कहना है कि यह विकास नहीं, बल्कि सरकारी धन की बंदरबांट है।

वही गांव वालों का कहना है हमारा टैक्स का पैसा मिट्टी में मिलाया जा रहा है। अगर यह नाला जल्द ही मानक के अनुरूप नहीं बनाया गया, तो ग्रामीण उच्च अधिकारियों का घेराव करेंगे।

# पीलीभीत में मिशन शक्ति-5 के तहत महिला टीम ने छात्राओं को किया सशक्त, साइबर अपराध और बाल विवाह पर दी जानकारी

(जीएनएस)।

पीलीभीत, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए थानों पर नियुक्त महिला सुरक्षा केंद्र टीम ने उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न थानों का भ्रमण किया। टीम ने थाना महिला थाना, बरखेड़ा, दियोरिया कला, हजारा, अमरिया, घुंघचाई, सुनगढ़ी, माधोटांडा, करेली तथा सेहरामऊ क्षेत्रों में पहुंचकर छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया ।महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को महिला संबंधी कानूनों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। विशेष रूप से साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए, जिसमें सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने, संदिग्ध लिंक न खोलने और तत्काल शिकायत दर्ज कराने पर जोर दिया गया। साथ ही बाल विवाह के खतरे से बचाव हेतु भी विस्तार से जागरूक किया गया। टीम ने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें ।इस अभियान से क्षेत्र की छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग हो गई हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि मिशन शक्ति-5 को और प्रभावी बनाने के लिए ऐसे भ्रमण निरंतर जारी रहेंगे।



# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम हाफिज नगर बन्नाही में प्रथम विशाल भंडारा, ग्रामवासियों व क्षेत्रवासीओ को सादर आमंत्रण।

(जीएनएस)।

पीलीभीत/बीसलपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील बीसलपुर के ग्राम हाफिज नगर बन्नाही में प्रथम बार विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम भगवान शिव के प्रति गहरी भक्ति और समुदायिक एकता का प्रतीक बनेगा, जिसमें ग्राम के अलावा आसपास के क्षेत्रवासी भी सादर आमंत्रित हैं ।कार्यक्रम 15 फरवरी 2026 को रविवार को सायंकाल 3 बजे से प्रभु इच्छा तक प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों और भक्तजनों से विनम्र निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारें, भोलेनाथ के दर्शन करें तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर इस पुण्य कार्य के भागीदार बनें। यह भंडारा न केवल भक्तों को स्वादिष्ट प्रसाद प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और सामाजिक सद्भाव का संचार भी करेगा ।हाफिज नगर बन्नाही का शिव मंदिर प्राचीन होने के साथ-साथ क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां महाशिवरात्रि के दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। आयोजन के प्रमुख संयोजक प्रवीण कुमार गंगवार, देवेश कुमार तथा आलोक कुमार गंगवार हैं। सौजन्य से सुरेन्द्र पाल सिंह एवं समस्त ग्रामवासी इस कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए तैयार हैं। संयोजक प्रवीण कुमार ने लोगों से विशेष आग्रह किया है कि इस पावन दिन पर प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन अवश्य करें और भंडारे में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें ।ग्रामवासियों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह व्याप्त है। वे सभी एकत्र होकर महाशिवरात्रि की धूम मनाएंगे तथा स्थानीय परंपराओं को मजबूत करने के साथ सामाजिक एकता को बढ़ावा देंगे। आयोजकों का कहना है कि यह भंडारा ग्राम-क्षेत्र की एकता का अनूठा उदाहरण बनेगा।




# पूरनपुर में नहर विभाग के बदमाशों ने तोड़ा निमार्णाधीन मंदिर

(जीएनएस)।

पीलीभीत,कलीनगर रोड पर अमरिया खाते के पास मेन रोड पर सिद्ध पिपलेश्वरनाथ महादेव मंदिर है जिसका वहां के स्थानीय लोग और मंदिर के पुजारी जी सभी के सहयोग से मंदिर का निर्माण चल रहा था जहां सुबह 11-12 बजे के बीच कुछ अज्ञात लोग पहुंचे और खुद को नहर विभाग का बताते हुए मंदिर के निर्माण को तोड़ने लगे

जब आस पास के गांव वालों को सूचना मिली और वो सब मंदिर पहुंचे तभी भीड़ को आता देख अज्ञात लोग वहां से फरार हो गए

यह सूचना ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया राष्ट्रीय बजरंग दल पूरनपुर गौ रक्षा जिला प्रमुख को गौ रक्षा



जिला उपाध्यक्ष पंडित सचिन मिश्रा ने दी और वह तुरंत पंडित राहुल अवस्थी और आशु यादव के साथ मौके पर पहुंचे और इस घटना की सूचना इंस्पेक्टर पवन पांडे जी को दी गई

पाण्डेय जी ने मौके पर तुरंत पहुंचकर घटना को समझा और भीड़ को शांत किया और पंडित जी के मुकदमा न करवाने की बात को सुनकर इंस्पेक्टर सर ने उन्हें रउ्ट सर के पास जाकर समस्या का समाधान करवाने का सुझाव दिया क्योंकि ये पता चला कि वो मंदिर नहर विभाग की जमीन पर ही नहर विभाग से अनुमति लेकर बनाया गया था

पंडित जी ने मुकदमा करवाने से अभी मना किया है और कहा है हमारा फैसला और मंदिर की सुरक्षा स्वयं भोलेनाथ करेंगे

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI
Regd.Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424 Gujarat,India. Phone : (o) 7698333307 (M) 8485951747,7096333307
Email:navsarjansanskruti2016@gmail.com*navsarjansanskruti2016@yahoo.com*Website : www.navsarjansanskruti.com

# सम्पादकीय

## भारत-मलेशिया द्वारा सीमा पार आतंकवाद की भर्तसना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच रविवार को तीन मुद्दों पर सहमति बनीं। पहला व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकण्डक्टर जैसे उच्च प्रथमिकता वाले क्षेत्रों से अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। दोनों देश व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं यानि भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं।

दूसरा विषय आतंकवाद था जिस पर दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों की स्पष्ट और कड़ी निन्दा की और आतंकवाद के प्रति बिल्वुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से व्यापक और सतत तरीके से निपटने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया तथा कट्टरता एवं हिसक चरमपंथ का मुकाबला करने की दिशा में काम करने की दिशा में सहमति व्यक्त की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने और आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग को रोकने की दिशा में काम करने का भी संकल्प लिया। वार्ता का तीसरा विषय रहा संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सुधारों का समर्थन करने पर भी सहमति व्यक्त की।

बातचीत और सहमति का चौथा विषय था समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिबित करते हुए बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प।

दरअसल मलेशिया भारत का समुद्री पड़ोसी है और आसियान का महत्वपूर्ण सदस्य है। भारत की 'पूर्व की तरफ देखो' की नीति के लिए फिट भी बैठता है। पिछले दिनों कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने की वजह से भारत का कोपभाजन बने मलेशिया से भारत ने कोकोनट आयल का आयात कम करने का सामान्य पैसला लिया। मात्र इसी पैसले से मलेशिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो गई। भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था है और सर्वाधिक जनसंख्या होने के कारण दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता बाजार है। आज भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती व्रय शक्ति के कारण भी विकासशील देश आकर्षित हो रहे हैं।

यह सच है कि भारत पाकिस्तान वेंद्रित विदेश एवं व्यापार नीति भले ही नहीं बनाता। किन्तु यह भी सच है कि बारूदी पड़ोसी होने के कारण उसकी प्रोत छाया भारत के हर उस देश के संबंधों पर पड़ती है जो भारत से संबंध और समझौते करते हैं। तुर्विए को छोड़कर पाकिस्तान आज इस हालत में नहीं है कि वह भारत के साथ स्थापित संबंधों को प्रभावित कर दे। इसलिए मलेशिया का पाकिस्तान की हकीकत जल्दी ही समझ लेना उसी के हित में अच्छा साबित हुआ।

बहरहाल दोनों देशों के बीच व्यापार विस्तार तो होगा ही साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में सहयोग भी बढ़ेगा। आज विश्व विलेज की अवधारणा में चाहे कोई कितना ही समृद्ध और सशक्त देश हो, उसे दूसरे देशों के सहयोग की जरूरत पड़ती ही है। अकेले कोई भी देश अपनी जरूरतें पूरी नहीं कर सकता। क्षेत्रीय सैन्य संगठनों, शीत युद्ध और विस्तारवाद के दिन लद गए आज जरूरत है हरसंभव प्रयास करना कि अपनी मौजूद संसाधनों से व्यापार, रक्षा उत्पादन, प्रौद्योगिकी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की संभावनाएं एवं सहयोग तलाशना। इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया यात्रा सराहनीय है।

# भारत-सेशेल्स : उन्नत संपर्कों के माध्यम से आर्थिक विकास तथा सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की संयुक्त रूपरेखा

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी 5 से 10 फरवरी 2026 तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं।

राष्ट्रपति हर्मिनी का यह राजकीय दौरा, उनके शपथ ग्रहण के लगभग 100 दिनों के बाद हो रहा है, जो भारत और सेशेल्स की अपनी दीर्घकालिक एवं बहुआयामी द्विपक्षीय साझेदारी को सुदृढ़, विस्तृत और अधिक गहन बनाने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह राजकीय दौरा इसलिए भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह संयोगवश सेशेल्स की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ तथा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रहा है।

9 फरवरी 2026 को हुई उनकी बैठक के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति हर्मिनी ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे को समाहित करते हुए व्यापक एवं सार्थक चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अक्टूबर 2025 में सम्पन्न चुनावों में सफलता के लिए राष्ट्रपति हर्मिनी को बधाई दी। दोनों नेताओं ने पुनः पुष्टि की कि भारत और सेशेल्स की निकटवर्ती समुद्री पड़ोसी होने के नाते, इतिहास और आत्मीयता के संबंधों पर आधारित तथा लोकतंत्र और बहुलवाद के साझा मूल्यों से पोषित एक विशेष एवं समय-परीक्षित साझेदारी है। नेताओं ने यह भी स्वीकार किया कि सेशेल्स-भारत संबंध जन-केंद्रित हैं और पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता को सुदृढ़ करते हैं। नेताओं ने भारत के विजन महासागर (टअलअरअक्ष्फ - क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) में सेशेल्स की भूमिका को एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में भी पुनः रेखांकित किया।

भारत और सेशेल्स को जोड़ने वाले समृद्ध एवं ऐतिहासिक जन-से-जन संबंधों को याद करते हुए, दोनों नेताओं ने सेशेल्स और भारत की जनता की सुरक्षा, समृद्धि तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर और अधिक निकट सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

राष्ट्रपति हर्मिनी ने सेशेल्स तथा क्षेत्र के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने सेशेल्स के



विकास एजेंडा की प्राप्ति में भारत द्वारा दी गई दीर्घकालिक सहायता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

दोनों देशों की अपनी-अपनी शक्तियों को रेखांकित करते हुए तथा इस संबंध के महत्व को स्वीकार करते हुए, दोनों नेताओं ने उन्नत संपर्कों के माध्यम से सततता, आर्थिक विकास एवं सुरक्षा के लिए संयुक्त विजन (एसईएसईएल-सेसेल) की घोषणा की।

राजनीतिक आदान-प्रदान

नेताओं ने सेशेल्स और भारत के बीच नियमित उच्च-स्तरीय राजनीतिक बैठकों, दौरों तथा परामर्शों के महत्व को स्वीकार किया। दोनों पक्षों ने नेतृत्व स्तर, मंत्रिस्तरीय स्तर तथा वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर राजनीतिक एवं सामाजिक-आर्थिक सहभागिता को और सुदृढ़ करने पर सहमति व्यक्त की।

दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहन बनाने तथा संसदीय आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें संसदीय कार्यवाही तथा क्षमता विकास से संबंधित सर्वोत्तम पद्धतियों का आदान-प्रदान भी शामिल है।

विकास साझेदारी

राष्ट्रपति हर्मिनी ने ऋण सहायता, अनुदान, क्षमता निर्माण तथा उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं (एचआईसीडीपी) के माध्यम से सेशेल्स की विकास एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के लिए भारत के अटूट समर्थन को मान्यता दी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रीय विकास एजेंडा में एक प्रमुख और विश्वसनीय साझेदार बने रहने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया, जिसमें विशेष रूप से सततता, रक्षा एवं समुद्री सुरक्षा, क्षमता विकास, लचीलापन तथा समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

दोनों देशों के बीच जन-केंद्रित विकास साझेदारी का विस्तार और उसे और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निकट सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए, भारत ने 175 मिलियन अमरीकी डॉलर के एक 'विशेष आर्थिक पैकेज' की घोषणा की। इस पैकेज में 125 मिलियन अमरीकी डॉलर की रुपये-नामित ऋण सहायता तथा 50 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुदान सहायता के रूप में मिश्रित वित्तीय सहयोग शामिल होगा, जिसका उपयोग विकास सहयोग परियोजनाओं, असैनिक एवं रक्षा अधिकारियों के क्षमता विकास, समुद्री सुरक्षा आदि के लिए किया जाएगा।

भारत के तीव्र डिजिटलीकरण को वैश्विक दक्षिण के लिए एक सकारात्मक शक्ति के रूप में स्वीकार करते हुए, दोनों नेताओं ने डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में निकट सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। सेशेल्स के नागरिकों के हित में शासन के डिजिटलीकरण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, भारत ने सेशेल्स की आवश्यकताओं और जरूरतों के अनुरूप डिजिटल भुगतान सहित

# मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

(जीएनएस)।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की देखरेख और रखरखाव में कुल 3686 केंद्रीय संरक्षित स्मारक हैं। इन संरक्षित स्मारकों का संरक्षण कार्य एएसआई द्वारा वार्षिक संरक्षण योजना की स्वीकृति के बाद स्मारक की आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है तथा सभी स्मारक अच्छी स्थिति में संरक्षित हैं।

एएसआई देशभर में फैले 52 पुरातात्विक स्थल संग्रहालयों के माध्यम से पुरातात्विक उत्खनन और संरक्षित स्मारकों से प्राप्त प्राचीन वस्तुओं और कलाकृतियों का संरक्षण और प्रदर्शन भी करता है। इन संग्रहों को संग्रहालय अभिग्रहण रजिस्टरों में व्यवस्थित रूप से तथा डिजिटल रूप से प्रलेखित किया जाता है, जिससे इनका संरक्षण, प्रचार और उचित प्रलेखन सुनिश्चित होता है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने देश भर में स्मारकों (निर्मित विरासत और स्थल) और पुरातन वस्तुओं पर दो राष्ट्रीय रजिस्टर तैयार करने के लिए 2007 में राष्ट्रीय स्मारक और पुरातन वस्तु मिशन (एनएमएमए) की स्थापना की है।

देश भर में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों की रक्षा, संवर्धन और संरक्षण के लिए, भारत सरकार ने पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में मुख्यालयों के साथ सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं। ये जेडसीसी पूरे भारत में नियमित रूप से विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिसके लिए वे लोक/आदिवासी कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इन कलाकारों को मानदेय, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता, स्थानीय परिवहन, आवास आदि का भुगतान किया जाता है ताकि वे अपनी आजीविका कमा सकें।

प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 4 के अनुसार राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों एवं क्षेत्रों (स्थलों) की घोषणा की जाती है। निर्धारित प्रारूप में सहायक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत प्रस्तावों का मूल्यांकन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा किया जाता है। टीईसी की सिफारिश पर, केंद्र सरकार जनता की राय जानने के लिए अधिसूचना जारी करती है। इसके बाद, स्मारक को राष्ट्रीय महत्व का घोषित करते हुए अंतिम अधिसूचना जारी की जाती है।

संस्कृति मंत्रालय संग्रहालयों के संग्रहों जैसे सिक्के, चित्रकला, पांडुलिपियाँ, डाक टिकट संग्रह, सजावटी कला, पुरातत्व, मनके, मानव विज्ञान, शस्त्र और कवच, टेराकोटा, चीनी मिट्टी के बर्तन, मध्य एशियाई प्राचीन वस्तुएँ, मुद्राशास्त्र, शिलालेख, पांडुलिपियाँ और कलाकृतियों के डिजिटलीकरण के लिए "जतन" नामक सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है। अब तक 8 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के संग्रहालयों और 2 एशियाई विज्ञान संस्थान (एएसआई) संग्रहालयों का डिजिटलीकरण जतन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जा चुका है। इन संग्रहालयों के संग्रहों के डिजिटल भंडार की यह परियोजना सी-डीएसी, पुणे के तकनीकी सहयोग से चलाई जा रही है। इसके साथ ही एक एकीकृत वेब पोर्टल भी बनाया गया है, जिस पर इन संग्रहालयों के संग्रहों का विवरण और उनकी छवियाँ उपलब्ध हैं। अब तक डिजिटाइज्ड लेखों को देखा जा सकता है।

इसके अलावा, एनएमएमए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है ताकि विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य इच्छुक संगठनों में जागरूकता बढ़ाई जा सके और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए जा सकें।

भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय अपने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन) के माध्यम से राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सवों (आरएसएम) का आयोजन करता है, ताकि हमारे अद्भुत देश की परंपरा, संस्कृति, विरासत और समृद्ध विविधता की भावना का जश्न मनाया जा सके। इस महोत्सव का व्यापक उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, प्रचार और प्रसार करना, युवा पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जोड़ना और विविधता में एकता के माध्यम से राष्ट्र और विश्व के सामने हमारी सौम्य शक्ति का प्रदर्शन करना है। वर्ष 2015 से, मंत्रालय ने अपने सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के माध्यम से 14 आरएसएम और 4 क्षेत्रीय स्तर के आरएसएम आयोजित किए हैं। इन आरएसएम/क्षेत्रीय आरएसएम में कुल 12543 कलाकारों ने भाग लिया है। इन कलाकारों को मानदेय, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता, स्थानीय परिवहन, आवास आदि का भुगतान किया गया ताकि वे अपनी आजीविका कमा सकें।

इसके अलावा, एनएमएमए ने 11,406 निर्मित धरोहर स्थलों और 12,47,668 पुरातन वस्तुओं के आंकड़े प्रलेखित और प्रकाशित किए हैं। ये आंकड़े एनएमएमए की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं ।

यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में दी।

# 2025 में सीसीआई ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं/प्रतिरक्षा-विरोधी उपायों के 54 मामले दर्ज किए और विलय (एमएंडए) के 149 आवेदन प्राप्त किए

(जीएनएस)।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने देश में प्रतिस्पर्धा कानून सुधारों और संशोधनों के संबंध में निम्नलिखित कदम उठाए हैं।

वर्ष 2025 के दौरान, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ('सीसीआई') ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं/प्रतिरक्षा विरोधी उपायों से संबंधित 54 मामले दर्ज किए और विलय (एमएंडए) के 149 आवेदन प्राप्त किए। आयोग ने 38 प्रतिरक्षा विरोधी मामलों में अंतिम आदेश पारित किए और 146 विलय नोटिसों का निपटारा किया।

हाल ही में हुए प्रतिस्पर्धा कानून सुधारों को लागू करने के लिए, भारत सरकार ने प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम, 2023 के तहत विभिन्न नियमों और विनियमों को अधिसूचित किया, जिसे 11.04.2023 को पारित किया गया था। जुमार्ने के निर्धारण के लिए, प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम, 2023 में व्यक्ति या उद्यम के वैश्विक कारोबार के आधार पर जुमार्ने की गणना का प्रावधान किया गया है।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सीसीआई (मौद्रिक दंड निर्धारण) दिशानिर्देश, 2024 को अधिसूचित किया है, जिसमें दंड निर्धारण के लिए एक विस्तृत कार्यप्रणाली निर्धारित की गई है।



आयोग के समक्ष कार्यवाही की दक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता में सुधार करने के लिए, प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम, 2023 ने विलय और अधिग्रहण (कॉम्बिनेशन) की मंजूरी के लिए समय सीमा को 210 दिनों से घटाकर 150 दिन करने के लिए दूरदर्शी सुधार पेश किए और प्रतिस्पर्धा मामलों के तेजी से समाधान के हित में निपटान और प्रतिबद्धता ढांचा भी पेश किया।

इसके अलावा, अधिनियम के अंतर्गत शामिल ग्रीन चैनल मार्ग के माध्यम से नोटिस दाखिल करने पर स्वीकृति मानी जाने के जरिए संयोजनों की त्वरित मंजूरी की सुविधा मिलती है, जिससे प्रतिस्पर्धा मामलों का तेजी से निपटान संभव होता है।

एआई और प्रतिस्पर्धा पर बाजार अध्ययन का उद्देश्य प्रमुख एआई प्रणालियों और बाजारों/पारिस्थितिकी प्रणालियों को समझना था, जिसमें हितधारक, आवश्यक इनपुट/संसाधन, मूल्य श्रृंखलाएं, बाजार संरचनाएं और प्रतिस्पर्धा मापदंड शामिल हैं; उभरते प्रतिस्पर्धा मुद्दों की जांच करना; एआई अनुप्रयोगों, अवसरों, जोखिमों और परिणामों का आकलन करना; भारत और अन्य प्रमुख न्यायक्षेत्रों में नियामक/कानूनी ढांचे को समझना; और आयोग की प्रवर्तन और वकालत प्राथमिकताओं का पता लगाना था।

इस अध्ययन में प्रतिस्पर्धा से जुड़ी प्रमुख चिंताओं की पहचान की गई है, जिनमें उच्च प्रारंभिक लागत और डेटा एवं प्रतिभा तक पहुंच के कारण एआई मूल्य श्रृंखला में एकाग्रता; पारिस्थितिकी तंत्र में फंसे रहना और स्विचिंग लागत, एआई-संचालित मूल्य निर्धारण एल्गोरिदम और स्वचालित व्यावसायिक निर्णयों के माध्यम से एल्गोरिथम मिलीभगत का जोखिम; एआई तकनीक के पूरे स्टैक में स्व-वरीयता और उपभोक्ता डेटा के उपयोग के माध्यम से एआई-सक्षम मूल्य भेदभाव शामिल हैं।

# जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 45.05 लाख रुपए वितरित

(जीएनएस)।

जैव विविधता के संरक्षण और जैविक संसाधनों के उपयोग से मिलने वाले लाभों के निष्पक्ष एवं समान वितरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने राज्य जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों के बीच 45.05 लाख रुपए का वितरण किया है।

इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी) और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। ये बीएमसी विभिन्न पारिस्थितिक और संस्थागत परिवेशों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें गांव, शहरी स्थानीय निकाय, मैंग्रोव क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, जिनमें कुछ कीट, मिट्टी और जल में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीवों से लेकर खेती की गई लाल चंदन तक शामिल हैं। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण में किया गया, जो यह दशार्ता है कि जैव विविधता कैसे वैज्ञानिक नवाचार और जैविक-अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

हाल के वर्षों में, एनबीए ने पारदर्शिता को बढ़ाने और व्यापार सुगमता के लिए सरल नियम लागू किए हैं, साथ ही समुदायों के हितों की रक्षा और जैव विविधता संरक्षण को प्राथमिकता देना जारी रखा है। जैव विविधता को स्थायी रूप से उपयोग में लाने और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एनबीए विभिन्न हितधारकों जैसे राज्यों, स्थानीय निकायों, शोधकताओं, उद्योगों और समुदायों के साथ मिलकर काम करता है। यह जमीनी स्तर पर पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित रखते हुए जन जैव-विविधता रजिस्टरों का दस्तावेजीकरण और सहभागितात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से जैव-विविधता के प्रबंधन का समर्थन करता है।

इन प्रयासों के चलते, कुल एबीएस भुगतान 145 करोड़ रुपए (लगभग 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय जैव-विविधता सम्मेलन और नागोया प्रोटोकॉल के तहत भारत की जिम्मेदारियों को राष्ट्रीय एवं

# योटा और भाषिनी का सॉवरेन एआई क्लाउड को सक्षम बनाने के लिए सहयोग, जनसंख्या-स्तरीय एआई के लिए भारत की तत्परता का प्रदर्शन

(जीएनएस)।

भारत की अग्रणी सॉवरेन क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्लेटफॉर्म सेवा प्रदाता कंपनी योटा डेटा सर्विसेज ने आज योटा के गवर्नमेंट कम्युनिटी क्लाउड (जीसीसी) और शक्ति क्लाउड पर भाषिनी के संपूर्ण सॉवरेन एआई क्लाउड रूपांतरण की सफल तैनाती की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इंडियाएआई मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है और आत्मनिर्भर एवं स्केलेबल एआई क्षमताओं की दिशा में भारत की यात्रा में एक बड़ा कदम है। इस विकास के साथ, भाषिनी अब पूरी तरह से भारतीय क्लाउड और जीपीयू इन्फ्रास्ट्रक्चर पर संचालित होता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भाषा डेटासेट, मॉडल और नागरिक अंतःक्रियाएं भारत के अधिकार क्षेत्र में ही रहें।

इस महत्वपूर्ण विकास को 'द इंडिया एआई सॉवरेनिटी डायलॉग्स' में प्रदर्शित किया गया, जो एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का एक आधिकारिक प्री-समिट इवेंट था। इसका आयोजन योटा और डिजिटल इंडिया के भाषिनी डिवीजन द्वारा किया गया था और इसे इवेंट में जारी की गई 'सॉवरेन एआई क्लाउड ट्रांसफॉर्मेशन रिपोर्ट' में शामिल किया गया है। रिपोर्ट में विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन, महाकुंभ 2025 में वास्तविक तैनाती के अनुभव का उल्लेख है, जहां भाषिनी की बहुभाषी एआई सेवाओं का व्यापक जनसमूह पर परीक्षण किया गया था। योटा के एनवीडिया एच100-सक्षम शक्ति क्लाउड द्वारा संचालित, इस प्लेटफॉर्म ने 11 से अधिक भारतीय भाषाओं में वास्तविक समय अनुवाद और ध्वनि-आधारित सहायता प्रदान की, जिसमें बहुभाषी सहायक 'कुंभ सह'एआई'यक' भी शामिल है।

इस परियोजना से यह सिद्ध होता है कि राष्ट्रीय डिजिटल सार्वजनिक संसाधनों को हाइपरस्केलर वातावरण से स्वदेशी क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में कैसे स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे प्रदर्शन में 40 प्रतिशत तक सुधार, लागत में 20 से 30 प्रतिशत की बचत और 99.99 प्रतिशत निरंतर अपटाइम प्राप्त होता है। यह उपलब्धि 200 टीआईबी से अधिक डेटा और 3.5 बिलियन से अधिक फाइलों में शून्य डेटा हानि के साथ हासिल की गई। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अपर सचिव, श्री अभिषेक सिंह, इंडियाएआई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक ने कहा,ह्वभाषिनी का स्वदेशी क्लाउड और जीपीयू प्लेटफॉर्म पर सफल स्थानांतरण यह दशार्ता है कि भारत सार्वजनिक हित के लिए अपने सॉवरेन एआई सिस्टम का निर्माण, विस्तार और सुरक्षा कर सकता है। यह भारत की अनूठी आवश्यकताओं के अनुरूप सॉवरेन कंप्यूटिंग क्षमता, मॉडल विकसित करने और एआई अनुप्रयोगों को तैनात करने के इंडियाएआई मिशन के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है, जिसमें जनसंख्या स्तर पर विश्वसनीय, वास्तविक समय, ध्वनि-आधारित सेवाओं की डिलीवरी शामिल है ह्व

डिजिटल इंडिया भाषिनी डिविजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ नाग ने प्लेटफॉर्म के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, कहा, ह्वयोटा के सॉवरेन एआई क्लाउड पर जाने से भाषिनी को भारत की भाषाई विविधता को बनाए रखने के लिए अधिक नियंत्रण, लचीलापन और विस्तारशीलता मिलती है। यह परिवर्तन समावेशी, वास्तविक समय में बहुभाषी सेवाएं प्रदान करने की हमारी क्षमता को मजबूत करता है और एआई में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भविष्य में तैनाती के लिए खाके के रूप में भी काम करेगा क्योंकि हम पूरी तरह से सॉवरेन स्टैक में परिवर्तित हो रहे हैं ह्व

इंडियाएआई मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री कविता भाटिया ने कहा, ह्वभाषिनी का पूरी तरह से सॉवरेन एआई क्लाउड में परिवर्तन, भारतीय बुनियादी ढांचे पर जनसंख्या-स्तरीय एआई विकसित करने के इंडियाएआई मिशन के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# भारतीय औषध संहिता आयोग (आईपीसी) ने औषधि सुरक्षा, गुणवत्ता मानक और क्षमता निर्माण सुदृढ़ बनाने के लिए तीन समझौता ज्ञापन

(जीएनएस)।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था, भारतीय औषध संहिता आयोग - इंडियन फामाकीपिया कमीशन (आईपीसी) ने देश में दवाओं की सुरक्षा, गुणवत्ता आश्वासन और क्षमता निर्माण पहल सुदृढ़ करने के लिए गोवा राज्य फामेर्सी परिषद (जीएसपीसी), भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) और एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसेज



लिमिटेड (एचआईटीईएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारतीय औषध संहिता आयोग (आईपीसी) और गोवा राज्य फामेर्सी परिषद (जीएसपीसी) के बीच समझौता ज्ञापन के तहत गोवा में फामाकीविजिलेंस, दवाओं के तर्कसंगत उपयोग और फार्मासिस्टों के व्यावसायिक विकास के क्षेत्रों में सहयोग के लिए संरचित ढांचा तैयार किया गया है। इससे पंजीकृत फार्मासिस्टों के बीच भारत की राष्ट्रीय फामुर्लेरी को बढ़ावा देना, भारत के फामाकीविजिलेंस कार्यक्रम के तहत प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडीआर) के बारे में रिपोर्टिंग तंत्र मजबूत करना, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सतत शिक्षा गतिविधियां आयोजित करना तथा दवा सुरक्षा, फामाकीपियल मानकों और संवहनीय फामाकीपिया से संबंधित जागरूकता पहल सुगम बनाना है। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया निगरानी केंद्र स्थापित करना और उनकी सक्षमता बढ़ाने में सहयोग देना तथा राज्य भर के स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थित रिपोर्टिंग और दस्तावेजीकरण परिपाटी को बेहतर बनाना है।

भारतीय औषध संहिता आयोग और भारतीय गुणवत्ता परिषद - क्यूसीआई के बीच समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों संस्थानों ने गुणवत्ता संवर्धन, जन स्वास्थ्य जागरूकता और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति व्यक्त की है।

# मोदी सरकार के सुधारों से भारत के किफायती चिकित्सा और निदान के वैश्विक केंद्र के रूप में आगे बढ़ने की उम्मीद है: डॉ. जितेंद्र सिंह

(जीएनएस)।

मोदी सरकार के पिछले एक दशक में किए गए सुधारों से भारत के किफायती चिकित्सा और निदान के वैश्विक केंद्र के रूप में आगे बढ़ने की उम्मीद है: डॉ. जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चंडीगढ़ में इंडियन थायराइड सोसाइटी सम्मेलन का उद्घाटन किया और थायराइड विकारों से निपटने के




लिए मानसिकता में बदलाव का आह्वान किया

42 मिलियन थायराइड मामलों के लिए राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की आवश्यकता है; हाइपोथायरायडिज्म देश के लिए खतरा है: डॉ. जितेंद्र सिंह

थायराइड विकारों का शीघ्र पता लगाना भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, थायराइड के बढ़ते खतरे से कार्यबल की दक्षता और राष्ट्रीय विकास प्रभावित होता है: डॉ. जितेंद्र सिंह

# सीएम योगी बोले- किसी भी सदस्य को कोई मुद्दा उठाना है, तो कार्यवाही बाधित करने के बजाय संवाद करे



लखनऊ (जीएनएस)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र से पहले कहा कि सरकार संवाद से समस्याओं का समाधान चाहती है। 9 से 20 फरवरी तक चलने वाले सत्र में 2026-27 का बजट और उत्तर प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत होगा, जो प्रदेश की आर्थिक प्रगति को दर्शाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र प्रारंभ होने से पहले सोमवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत की। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल आज से बजट सत्र प्रारंभ कर रहा है। यह हमारी सरकार

सीएम ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। किसी भी सदस्य को कोई मुद्दा उठाना है तो कार्यवाही बाधित करने के बजाय संवाद करे, क्योंकि सरकार संवाद से समस्या के समाधान में विश्वास करती है।

बजट सत्र में दो महत्वपूर्ण एजेंडे होते हैं। पहला- माननीय राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा- सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों व भारी कार्ययोजना का दस्तावेज होता है, जिसे उनके द्वारा सदन के माध्यम से जनता जनार्दन को समर्पित किया जाता है। सभी सदस्य इस पर चर्चा करते हैं।

20 फरवरी तक चलेगा बजट सत्र

सीएम योगी ने कहा कि 2026-27 का सामान्य बजट 11 फरवरी को प्रस्तुत होगा। इसके उपरांत इस पर चर्चा होगी। बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

उत्तर प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत

सीएम योगी ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के तुरंत बाद सदन के पटल पर उत्तर प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत हुआ। पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को लेकर यह कदम उठाएगी। हमने यूपी को बीमारूपन से उबारकर भारत की इकॉनमी के ब्रेकथ्रू के रूप में स्थापित किया है।

इन सभी कारकों और यूपी के आर्थिक उन्नयन की इस यात्रा को जानने का अधिकार जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन को भी होना चाहिए। हमने कितना आर्थिक उन्नयन किया है, यूपी में प्रति व्यक्ति आय में क्या वृद्धि हुई है, रोजगार सृजन की स्थिति क्या है, वित्तीय प्रबंधन में कैसे हमने विषम परिस्थितियों से उबार कर पिछले पांच वर्षों से लगातार यूपी को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। इन सभी बिंदुओं को लेकर आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी सदन में प्रस्तुत होगी। सदस्यों के लिए डेटा प्रस्तुत करने और चर्चा के लिए यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण दस्तावेज होगी।

# स्वर्गीय मोहित सिंह मेमोरियल क्रांतिवीर टी10 क्रिकेट टूनार्मेंट का रोमांचक खेल

(जीएनएस)। बांदा

बांदा-राइफल क्लब मैदान में स्व0 मोहित सिंह मेमोरियल क्रांतिवीर ३10 क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन 3 का चौथे दिन भगत सिंह इंकलाब एवं सरदार उधम सिंह के बीच काफी रोमांचक खेल हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से जाकर परिचय किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि इस मैदान से प्रदेश और देश ही नहीं वरन विदेश में भी उन्होंने अपना स्थान बनाया है आप सभी से मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उन्हीं लोगों की भांति आप भी अपने जिले का नाम रोशन करेंगे क्योंकि हमारे जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जरूरत है तो उनके उत्साह वर्धन की और उन्हें खेल जगत की अनेक सुख सुविधाओं की। खेल प्रेमियों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित की इस बात की प्रशंसा की कि यह मैदान नीलाम होने की कगार पर था आपने जनता और खेल प्रेमियों के सहयोग से बहुत बड़ा आंदोलन इसको बचाने के लिए



किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप आज हम इस खेल के मैदान पर खेल रहे हैं इस अवसर पर काफी संख्या में बांदा नगर की जनता एवं वरिष्ठ खिलाड़ी मगरवी जी कमेंट्रेटर के रूप में मोनू शुक्ला, अबरार भाई, मिनी जीतू भाई, अमित दीक्षित, सुनील सक्सेना सहित तमाम खिलाड़ी व कई टीम के ऑनर भी उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में शोक सभा में मृत पुलिसकर्मी को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

(जीएनएस)।

बांदा पुलिस परिवार द्वारा मृत पुलिसकर्मी के पार्थिव शरीर पर रीत चढ़ाकर दी गई श्रद्धांजलि, मृतक के परिजनों को ढ़ांढस बंधा हर सम्भव मदद का दिया आश्वाशन । आज दिनांक 09.02.2026 को पुलिस लाइन बांदा में मृत पुलिसकर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई । गौरतलब हो कि पुलिस लाइन बांदा में तैनात उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार सिंह निवासी सोरों थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज के रहने वाले थे एवं 03.12.1987 को आरक्षी के पद पर



उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे । कल दिनांक 08.02.2026 को पुलिस लाइन में अचानक चक्कर आने से गिर गए जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल बांदा लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया । आज पुलिस लाइन बांदा में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री बेलास यादव सहित पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मृत पुलिसकर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई । उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद् का आश्वासन दिया तथा अश्वस्त किया की दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है ।

# डॉ. कुलदीप भार्गव के नेतृत्व में आलापुर में बहुजन भाईचारा सम्मेलन, महिलाओं की ऐतिहासिक भागीदारी

अंबेडकरनगर (आलापुर): (जीएनएस)। प्रदेश संयोजक भाई डॉ. कुलदीप भार्गव जी के नेतृत्व में आयोजित रैलियाँ हमेशा जोश और उम्मीद से भरी होती हैं, लेकिन अंबेडकरनगर की आलापुर विधानसभा में आयोजित ह्लबहुजन भाईचारा सम्मेलनह्व अपनी ऐतिहासिक विशेषताओं के कारण अलग पहचान बना गया।

इस जनसभा की सबसे बड़ी ताकत महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी रही। बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि बहुजन समाज अब केवल जागरूक ही नहीं हो रहा, बल्कि नेतृत्व की भूमिका भी मजबूती से निभा रहा है। महिलाओं का उत्साह और सक्रिय सहभागिता




सम्मेलन का केंद्र बिंदु रहा।

वक्ताओं ने कहा कि हमारे महापुरुषों का सपना था कि जिस दिन महिलाएँ बराबरी से समाज और आंदोलन में खड़ी होंगी, उसी दिन बहुजन क्रांति की वास्तविक शुरूआत मानी जाएगी। आलापुर की यह सभा उसी सपने की जीवंत तस्वीर बनकर सामने आई।

कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि भाई डॉ. कुलदीप भार्गव जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बहुजन आंदोलन को नई दिशा और नई ऊर्जा मिल रही है। साथ ही भाई चंद्रशेखर आजाद जी और भाई विनय रतन सिंह जी के नेतृत्व को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है, जिससे बदलाव की उम्मीद और भी मजबूत हुई है।

बहुजन भाईचारा सम्मेलन ने यह साफ कर दिया कि संगठित जनभागीदारी और सशक्त नेतृत्व के साथ सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन अब दूर नहीं है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 02 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा दिलाई गई 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व जुमार्ने की सजा

**मिशन शक्ति अभियान के तहत चिन्हित अभियोगों में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप वर्ष-2019 में थाना बबेरू क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले 02 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा दिलाई गई 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 44 हजार रुपये जुमार्ने की सजा ।**

(जीएनएस)।

बांदा- पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ह्लऑपरेशन कन्विक्शनह्व के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2019 में थाना बबेरू क्षेत्र अन्तर्गत एक नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले 02 अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास




व कुल 44 हजार रुपए के जुमार्ने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 18.03.2019 को थाना बबेरू क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रयान के रहने वाले 02 अभियुक्त सुकदेव व हीरालाल द्वारा एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना बबेरू पर धारा 376(डी)/323/506 भादवि, 6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बबेरू श्री कुलदीप सिंह द्वारा सम्पादित की गयी थी । विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए दिनांक 11.02.2020 को आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया था । लोक अभियोजक श्री शिवपूजन सिंह द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी गौरव दिवाकर व आरक्षी जितेन्द्र कुमार तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से दोनों अभियुक्तों को मा0 न्यायालय बांदा द्वारा 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व 22-22 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया ।

1. सुकदेव पुत्र जीवनलाल निवासी रयान थाना बबेरू जनपद बांदा ।
2. हीरालाल पुत्र मोतीलाल निवासी रयान थाना बबेरू जनपद बांदा ।

# धारा 125(3) सीआरपीसी वसूली वारंट व 84 सीआरपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त थाना म0तराई पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

(जीएनएस)। बलरामपुर

पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर विकास कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों व वारण्टियों/वांछित के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम जुर्म जरायम के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 आदित्य कुमार, का0 नीरज कुमार, का0 आशीष कुमार राज थाना महराजगंज तराई के द्वारा- आज




84 सीआरपीसी से संबंधित वारंटी दिनांक 09.09.2026 को मा0 न्यायालय से जारी वसूली वारण्ट व कमरुद्दीन पुत्र जमाल अहमद निवासी शान्तिनगर लोहोपनिया थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 41/2025 अन्तर्गत धारा 125(3) सीआरपीसी + 84 सीआरपीसी में जारी किया गया था जिसके अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा कमरुद्दीन उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया, वसूली वारण्टी अभियुक्त कमरुद्दीन उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर मा0 ग्राम न्यायालय तुलसीपुर रवाना किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण ङ्ग

कमरुद्दीन पुत्र जमाल अहमद निवासी शान्तिनगर लोहोपनिया थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर

# पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा आमजन की समस्याओं/शिकायतों की जनसुनवाई

**त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

(जीएनएस)। बलरामपुर

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए शिकायतकताओं/आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए गूगल मीट के माध्यम से तत्काल



कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

- प्रत्येक मामले में संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे समयबद्ध, प्रभावी एवं विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
- राजस्व संबंधी मामलों में त्वरित समाधान हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर, संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किए गए।

📌 यह जनसुनवाई कार्यक्रम आम जन की समस्याओं के निराकरण में पुलिस प्रशासन की संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचायक है।

# यूजीसी लागू करने को लेकर ज्ञापन




(जीएनएस)।

उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए यूजीसी नियमों पर रोक लगाए जाने से देश भर के पिछड़े व दलित छात्रों में खासा आक्रोस देखने को मिल रहा है। आज बांदा कलेक्ट्रेट पहुंचे करीब आधा सैकड़ा छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। जिसमें उन्होंने यूजीसी एक्ट को लागू करने की मांग की है।

आपको बता दें कि एक तरफ जहां सारा सवर्ण समाज यूजीसी कानून के विरोध में है, वहीं दलित पिछड़े वर्ग के छात्र यूजीसी एक्ट को लागू करने की मांग कर रहे है। जिसके सापेक्ष पूरे देश में पिछड़े व दलित वर्ग के लोग यूजीसी एक्ट को लागू कराए जाने के पक्ष में पुरजोर कोशिशें कर रहे हैं।

# थाना अतर्रा पुलिस द्वारा ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने वाले अभियुक्त 24 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार

**अभियुक्त के कब्जे से चोरी की बैटरी बरामद**

(जीएनएस)।

बांदा- पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.02.2026 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि अतर्रा के रहने वाले साहिद अली पुत्र सादिक द्वारा दिनांक 08.02.2026 को थाना अतर्रा पर सूचना दी कि कल रात को अज्ञात लोगों द्वारा उसके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली गई है । जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग




पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में आज दिनांक 09.02.2026 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को ओरन रोड़ जरुहा चौकी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी के दौरान चोरी की बैटरी भी बरामद हुई।

# दैनिक संग्रहालय को मिली नई वैचारिक मजबूती

(जीएनएस)।

प्रशांत गिरी बने सह-संपादक

प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी समाचार पत्र दैनिक संग्रहालय के संपादक सौरभ राजवंशी जी ने पत्रकारिता जगत में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गिरी को सह-संपादक का दायित्व सौंपा है।

इस अवसर पर संपादक सौरभ राजवंशी जी ने कहा कि श्री प्रशांत गिरी जी का सामाजिक अनुभव, मानवाधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा संगठनात्मक क्षमता दैनिक संग्रहालय को वैचारिक मजबूती और नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि श्री गिरी के सह-संपादक बनने से समाचार पत्र की निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता को और अधिक बल मिलेगा।

श्री प्रशांत गिरी ने इस सम्मान एवं जिम्मेदारी के लिए संपादक सौरभ राजवंशी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दैनिक संग्रहालय के माध्यम से समाज से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, मानवाधिकारों और जनहित के विषयों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ उठाने का कार्य करेंगे।

पत्रकारिता जगत में यह निर्णय दैनिक संग्रहालय के सशक्त और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




(जीएनएस)। बांदा

अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद ।

बांदा- पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जौगही बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रुप से घूम रहा है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़ लिया गया । पुलिस द्वारा पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ ।